**भारत सरकार**

**रक्षा मंत्रालय**

**रक्षा विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1141**

**22 जुलाई, 2022 को उत्तर के लिए**

**सैनिक स्कूल**

**1141.श्री रमेश चन्द्र कोशिक:**
**श्री दिलेश्वर कामैत:**
**श्री राम मोहन नायडू किंजरापु:**
**डॉ. ढालसिंह बिसेन:**
**श्री निहाल चन्द चौहान:**
**श्री बसंत कुमार पंडा:**
**श्रीमती नवनित रवि राणा:**
**श्रीमती लॉकेट चटर्जी:**
**श्री ज्योतिर्मय सिंह महतो:**
**श्री सौमित्र खान:**
**श्री रोड़मल नागर:**
**श्रीमती रमा देवी:**
**श्रीमती रीती पाठक:**
**श्री जुगल किशोर शर्मा:**

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सैनिक स्कूलों के लक्ष्य और उद्देश्य क्या हैं तथा नए स्कूल खोलने के लिए निर्धारित मानदंड क्या हैं;

(ख) देशभर में वर्ष 2014 से 2022 तक राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कितने सैनिक स्कूल/राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल स्थापित और कार्यरत हैं;

(ग) क्या सरकार का गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) और निजी संस्थानों के साथ साझेदारी में नए सैनिक स्कूल खोलने का विचार है और यदि हां, तो ऐसे स्कूलों की स्थापना के लिए पश्चिम बंगाल और राजस्थान में श्रीगंगानगर सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार किन स्थानों की पहचान की गई है;

(घ) क्या सैनिक स्कूल की स्थापना हेतु विभिन्न राज्य सरकारों, निजी स्कूलों और गैर-सरकारी संगठनों से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है और यदि हां, तो सरकार द्वारा ओडिशा के कालाहांडी और नुआपाड़ा जिले, महाराष्ट्र के अमरावती, मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले सहित स्वीकृत किए और अस्वीकृत किए गए प्रस्तावों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या सैनिक स्कूल सोसाइटी ने इस संबंध में अपनी मूल्यांकन रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

**उत्तर**

**रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अजय भट्ट)**

(क): पूर्ववर्ती सैनिक स्कूलों (1961 में आरंभ किए गए) को स्थापित करने के लक्ष्य और उद्देश्य कैडेटों को राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में प्रवेश के लिए शैक्षणिक, शारीरिक और मानसिक रूप से तैयार करना था । इस पूर्ववर्ती योजना के अन्य उद्देश्य हैं (i) रक्षा सेनाओं के अधिकारी संवर्ग में क्षेत्रीय असंतुलन को दूर करना (ii) वर्तमान के युवा कैडेटों को भविष्य के अच्छे और उपयोगी नागरिक बनाने के लिए शरीर, मन और चरित्र के गुणों का विकास करना (iii) पब्लिक स्कूल की शिक्षा को आम जनता की पहुंच में लाना । वर्तमान सैनिक स्कूलों को राज्य सरकार से प्राप्त अनुरोध पर भूमि के साथ मूल अवसंरचना के निर्माण और रख-रखाव के लिए भूमि उपलब्ध कराने, उपस्करों की खरीद और राज्य से संबंधित बालकों के लिए छात्रवृति के अतिरिक्त अन्य सुविधाओं को उपलब्ध कराने की सहमति के साथ स्थापित किया गया था ।

(ख): वर्ष 2014 से 2022 तक देश में स्थापित और कार्यरत सैनिक स्कूलों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण अनुबंध - 'क' पर है । वर्ष 2014-22 तक कोई राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल स्थापित नहीं किया गया है ।

(ग) से (ङ): जी हां । सरकार का पश्चिम बंगाल, राजस्थान, ओडिशा, महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश सहित सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में एनजीओ/निजी/राज्य सरकार के स्कूलों के साथ साझेदारी में 100 नए सैनिक स्कूलों को खोलने का प्रस्ताव है । प्रथम दौर में सैनिक स्कूल सोसाइटी, रक्षा मंत्रालय को वेब पोर्टल http://sainikschool.ncog.gov.in के माध्यम से एनजीओ/निजी/राज्य सरकार के स्कूलों से 379 आवदेन प्राप्त हुए हैं जो

कि इस प्रयोजनार्थ से बनाई गई अर्हकारी आवश्यकताओं की पूर्ति अनुमोदन के आधार पर तथा साझेदारी में नए सैनिक स्कूलों के नियम एवं विनियम से सहमत होने और सैनिक स्कूल सोसाइटी के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर होने पर शार्टलिस्ट करने के अध्यधीन है । आज की तारीख तक, सैनिक स्कूल सोसाइटी के साथ 11 स्कूलों को नए सैनिक स्कूलों के रूप में स्थापित करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं ।

*****

**लोक सभा में दिनांक 22.07.2022 को उत्तर दिए जाने के लिए आतारांकित प्रश्न सं. 1141 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

वर्ष 2014 से 2022 तक देश में स्थापित किए गए और कार्यरत सैनिक स्कूलों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण

| **क्र.सं.** | **स्कूल का नाम** | **राज्य** | **वर्ष** |
|---|---|---|---|
| 1 | सैनिक स्कूल कलिकरी | आंध्र प्रदेश | 2014 |
| 2 | सैनिक स्कूल छिंगछिप | मिजोरम | 2017 |
| 3 | सैनिक स्कूल झुनझुनू | राजस्थान | 2018 |
| 4 | सैनिक स्कूल पूर्वी सिआंग | अरूणाचल प्रदेश | 2018 |
| 5 | सैनिक स्कूल चंद्रपुर | महाराष्ट्र | 2019 |
| 6 | सैनिक स्कूल झांसी | उत्तर प्रदेश | 2019 |
| 7 | सैनिक स्कूल मैनपुरी | उत्तर प्रदेश | 2019 |
| 8 | सैनिक स्कूल अमेठी | उत्तर प्रदेश | 2020 |
| 9 | सैनिक स्कूल संबलपुर | ओडिशा | 2020 |

**वर्ष 2014 से 2022 तक 09 सैनिक स्कूलों की स्थापना की गई है ।**

# प्रथम चरण के दौरान अनंतिम रूप से अनुमोदित स्कूल

| क्र.सं. | राज्य | जिला | वर्ग | स्कूल का नाम | स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आंधप्रदेश | वाई.एस.आर | ब्राउनफील्ड | पूजा इंटरनेशनल स्कूल | वर्तमान में रूका हुआ |
| 2 | अरूणाचल प्रदेश | तवांग | ब्राउनफील्ड | तवांग पब्लिक स्कूल | एमओए हस्ताक्षरित । प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है । 01 अगस्त, 2022 से शैक्षणिक सत्र आरंभ होने की संभावना है । |
| 3 | असम | कछार | ग्रीनफील्ड | माध्यमिक शिक्षा निदेशालय असम | एमओए हस्ताक्षरित होना शेष है । |
| 4 | बिहार | समस्तीपुर | ब्राउनफील्ड | सुंदरी देवी सरस्वती विद्या मंदिर | एमओए हस्ताक्षरित । प्रवेश प्रक्रिया अगले सत्र से आरंभ होनी है । |
| 5 | छत्तीसगढ़ | रायपुर | ब्राउनफील्ड | एन एच गोयल वर्ल्ड स्कूल | वर्तमान में रूका हुआ |
| 6 | दादर और नागर हवेली | दादर और नागर हवेली | ग्रीनफील्ड | विद्या भारती गुजरात प्रदेश (नेताजी सुभाष चंद्र बोस मिलिट्री एकेडमी) | एमओए हस्ताक्षरित । प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है । 01 अगस्त, 2022 से शैक्षणिक सत्र आरंभ होने की संभावना है । |
| 7 | गुजरात | जूनागढ़ | ब्राउनफील्ड | ब्रह्मचारी श्री भगवतीनंदजी एजुकेशन ट्रस्ट (श्री भ्रमानंद विद्या मंदिर) | एमओए हस्ताक्षरित । प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है । 01 अगस्त, 2022 से शैक्षणिक सत्र आरंभ होने की संभावना है । |
| 8 | हरियाणा | फतेहाबाद | ब्राउनफील्ड | ओम विष्णु एजुकेशन सोसायटी (रॉयल इंटर नेशनल स्कूल) | एमओए हस्ताक्षरित । प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है । 01 अगस्त, 2022 से शैक्षणिक सत्र आरंभ होने की संभावना है । |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | सोलन | ब्राउनफील्ड | राज लक्ष्मी संविद गुरूकुलम | एमओए हस्ताक्षरित । प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है । 01 अगस्त, 2022 से शैक्षणिक सत्र आरंभ होने की संभावना है । |
| 10 | कर्नाटक | बेलागावी | ग्रीनफील्ड | संगोल्ली रायन्ना सैनिक स्कूल | एमओए हस्ताक्षरित । प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है । 01 अगस्त, 2022 से शैक्षणिक सत्र आरंभ होने की संभावना |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | है । |
| 11 | केरल | एर्णाकुलम | ब्राउनफील्ड | श्री शारदा विद्यालय | वर्तमान में रूका हुआ |
| 12 | मध्य प्रदेश | मंदसौर | ब्राउनफील्ड | सरस्वती विद्या मंदिर हायर सकेंड्री स्कूल | एमओए हस्ताक्षरित । प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है । 01 अगस्त, 2022 से शैक्षणिक सत्र आरंभ होने की संभावना है । |
| 13 | महाराष्ट्र | अहमनगर | ब्राउनफील्ड | पीडी डीआर व विखे पाटिल सैनिक स्कूल | एमओए हस्ताक्षरित । प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है । 01 अगस्त, 2022 से शैक्षणिक सत्र आरंभ होने की संभावना है । |
| 14 | नागालैंड | दीमापुर | ब्राउनफील्ड | लिविंग्स्टन फाउंडेशन इंटरनेशनल | वर्तमान में रूका हुआ |
| 15 | ओडिशा | ढेंकानाल | ब्राउनफील्ड | संस्कार पब्लिक स्कूल (अबकाश फाउंडेशन) | वर्तमान में रूका हुआ |
| 16 | पंजाब | पटियाला | ग्रीनफील्ड | दयानंद पब्लिक स्कूल सिल्वर सिटी नाभा | एमओए हस्ताक्षरित । प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है । 01 अगस्त, 2022 से शैक्षणिक सत्र आरंभ होने की संभावना है । |
| 17 | राजस्थान | गंगानगर | ब्राउनफील्ड | भारती चैरिटेबल ट्रस्ट (ब्लूमिंग डेल्स इंटरनेशनल स्कूल) | वर्तमान में रूका हुआ |
| 18 | तमिलनाडू | तूतीकोरिण | ब्राउनफील्ड | द विसासा स्कूल | एमओए हस्ताक्षरित । प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है । 01 अगस्त, 2022 से शैक्षणिक सत्र आरंभ होने की संभावना है । |
| 19 | तेलंगाना | करीमनगर | ब्राउनफील्ड | तेलंगाना सोशल वेलफेयर रेजिडेंशियल सैनिक स्कूल | वर्तमान में रूका हुआ |
| 20 | उत्तर प्रदेश | इटावा | ब्राउनफील्ड | विकास लोक सेवा समिति (माउंट लिटरा जी स्कूल) | वर्तमान में रूका हुआ |
| 21 | उत्तराखंड | देहरादून | ब्राउनफील्ड | जीआरडी वर्ल्ड स्कूल भऊवाला | वर्तमान में रूका हुआ |